अमर उजाला 14.7.2026

# एसडी की कटऑफ सबसे ऊंची बीकॉम में पहुंची 105.60 फीसदी

## केंद्रीयकृत दाखिले के पहले राउंड में सामान्य और यूटी पूल में रहा दबदबा

**माई सिटी रिपोर्टर**

**चंडीगढ़।** सेक्टर-32 एसडी कॉलेज में केंद्रीयकृत दाखिला प्रक्रिया के पहले राउंड में कॉलेज की कटऑफ सबसे अधिक रही। सामान्य वर्ग में बीकॉम की कटऑफ 105.60 प्रतिशत, बीबीए की 97.15 प्रतिशत और बीसीए की 98.40 प्रतिशत दर्ज की गई।

यूटी पूल में भी कॉलेज की कटऑफ काफी ऊंची रही। यहां बीकॉम के लिए 100.60 प्रतिशत, बीबीए के लिए 88.94 प्रतिशत और बीसीए के लिए 81.20 प्रतिशत कटऑफ रही। इससे साफ है कि बड़ी संख्या में मेधावी विद्यार्थियों ने इस कॉलेज को अपनी पहली पसंद बनाया।

कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. अजय शर्मा ने कहा कि कॉलेज में अनुभवी शिक्षक, आधुनिक सुविधाएं, शोध के अवसर, उद्योगों से जुड़ाव, इंटर्नशिप, स्किल डेवलपमेंट और बेहतर प्लेसमेंट जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं।

एनईपी के तहत भी कॉलेज में कई नए कार्यक्रम शुरू किए गए हैं, जिससे विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ रोजगार के बेहतर अवसर मिल रहे हैं। प्रिंसिपल ने नए विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए कहा कि कॉलेज आगे भी उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने को प्राथमिकता देगा।

अर्थ प्रकाश 14/7/2026

# बी.कॉम, बीबीए और बीसीए में जीजीडीएसडी कॉलेज का दबदबा, सबसे ऊंची कट-ऑफ ने फिर बनाया रिकार्ड

**अर्थ प्रकाश संवाददाता**



चंडीगढ़। यूटी प्रशासन के डॉयरेक्टर हायर एजुकेशन की ओर से अंडर ग्रेजुएट कोर्सों में सेंट्रलाइज्ड दाखिले की प्रक्रिया के तहत जारी सोमवार को जारी पहली मेरिट सूची में सेक्टर-32 स्थित गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म कॉलेज ने एक बार फिर अपनी शैक्षणिक श्रेष्ठता साबित की है। कॉमर्स, मैनेजमेंट और कंप्यूटर एप्लीकेशन (बीसीए) कोर्सों में कॉलेज मेधावी विद्यार्थियों की पहली पसंद बनकर उभरा है। इन कोर्सों में कॉलेज की कट-ऑफ क्षेत्र के प्रमुख शिक्षण संस्थानों में सबसे ऊंची रही।

जनरल कैटेगरी में बी.कॉम की कट-ऑफ 105.60 परसेंटाइल, बीबीए की 97.15 परसेंटाइल और बीसीए की 98.40 परसेंटाइल दर्ज की गई। इन आंकड़ों के साथ जीजीडीएसडी कॉलेज एक बार फिर क्षेत्र के सबसे अधिक प्रतिस्पर्धी कॉलेजों में शामिल हो गया है। वहीं, यूटी पूल के तहत भी कॉलेज की कट-ऑफ बेहद प्रतिस्पर्धी रही। बी.कॉम के लिए 100.60 परसेंटाइल, बीबीए के लिए 88.94 परसेंटाइल और बीसीए के लिए 81.20 परसेंटाइल कट-ऑफ दर्ज की गई। यह दर्शाता है कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, उत्कृष्ट शैक्षणिक वातावरण और बेहतरीन प्लेसमेंट रिकॉर्ड के कारण जीजीडीएसडी कॉलेज विद्यार्थियों की पहली पसंद बना हुआ है।

कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. अजय शर्मा ने कहा कि प्रवेश प्रक्रिया में मिला शानदार प्रतिसाद विद्यार्थियों और अभिभावकों के संस्थान पर अटूट विश्वास का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि जीजीडीएसडी कॉलेज वर्षों से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुभवी शिक्षकों, अत्याधुनिक अधोसंरचना, शोध एवं नवाचार के अवसर, उद्योग जगत से मजबूत साझेदारी, अंतरराष्ट्रीय स्तर के शैक्षणिक अनुभव तथा विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए उत्कृष्ट वातावरण उपलब्ध कराता रहा है। यही कारण है कि हर वर्ष बड़ी संख्या में मेधावी विद्यार्थी इस संस्थान को अपनी पहली पसंद के रूप में चुनते हैं।

दैनिक भास्कर 14.7.2026

कैंपस अपडेट जीजीडीएसडी-32 बना स्टूडेंट्स की पहली पसंद

# बीकॉम में 107.96% तक पहुंची कट-ऑफ

एजुकेशन रिपोर्टर | चंडीगढ़

शहर के कॉलेजों में बीकॉम, बीबीए और बीसीए कोर्सेस में एडमिशन के लिए पहली मेरिट लिस्ट जारी कर दी गई है। इस बार सेक्टर-32 जीजीडीएसडी कॉलेज सबसे ज्यादा डिमांड में रहा। बीकॉम में इसकी कट-ऑफ सबसे अधिक रही, जबकि बीसीए के यूटी पूल में पीजीजीसी-11 स्टूडेंट्स की पहली पसंद बनकर उभरा। डायरेक्टोरेट ऑफ हायर एजुकेशन के अनुसार बीकॉम के लिए 5,990, बीबीए के लिए 4,367 और बीसीए के लिए 3,690 आवेदन मिले। पहली मेरिट लिस्ट में बीकॉम के 2,240, बीबीए के 894 और बीसीए के 1,123 अभ्यर्थियों को सीटें आवंटित की गई हैं। सबसे ज्यादा कंपीटिशन बीकॉम में रहा, जहां जनरल यूटी पूल की कट-ऑफ 107.96% और नॉन-यूटी पूल की 107.55% तक पहुंच गई।

## कॉलेज वाइज कटऑफ

| कालेज | बीकाम | बीसीए | बीबीए |
|---|---|---|---|
| पीजीजीसी-11 | 106.80:103.68 | 101.60:102.60 | 97.80:97.80 |
| पीजीजीसीजी-11 | 105.40:102.60 | ----- | ----- |
| पीजीजीसीजी-42 | 104.20:100.13 | 100.00:90.20 | ------ |
| पीजीजीसी-46 | 104.20:99.51 | 98.53:100.80 | 97.00:84.80 |
| आरआईसीएम-32 | ---- | ---- | 95.40:83.20 |
| जीसीसीबीए-50 | 107.38:105.00 | 96.91:98.47 | 96.60:97.97 |
| जीजीडीएसडी-32 | 107.55:107.96 | 104.00:100.95 | 100.00:100.00 |
| डीएवी-10 | 105.57:105.00 | 99.00:100.80 | 96.80:94.54 |
| देव समाज- 45 | 103.40:99.20 | 94.80:96.20 | 95.60:91.20 |
| एसजीजीएससी-26 | 105.00:102.20 | 96.80:83.00 | 95.80:95.20 |
| जीजीएससीडब्ल्यू-26 | 104.20:98.90 | 94.80:79.60 | ---- |
| एमसीएमडीएवी-36 | 106.60:105.40 | 97.00:93.00 | 97.40:96.96 |

दैनिक जागरण 14/07/2026

# सेंट्रलाइज एडमिशन की पहली मेरिट लिस्ट जारी

## केंद्रीकृत प्रवेश : एसडी कालेज सबसे आगे, बीकाम, बीबीए और बीसीए में दर्ज हुई सबसे ऊंची कटआफ

जासं, चंडीगढ़ : पंजाब विश्वविद्यालय के केंद्रीकृत स्नातक प्रवेश 2026-27 के पहले चरण की मेरिट सूची सोमवार को जारी हो गई। पहली मेरिट लिस्ट में प्रवेश पाने वाले स्टूडेंट्स आज शाम (14 जुलाई) तक आनलाइन फीस जमा करवा सकते हैं। फीस जमा नहीं होने पर सीट खाली मानी जाएगी। सोमवार को जारी हुई पहली मेरिट लिस्ट में हर बार की तरह इस बार भी सेक्टर-32 स्थित गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म (जीजीडीएसडी) कालेज ने एक बार फिर सबसे अधिक मांग वाले कालेज के रूप में अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। बीकॉम, बीबीए और बीसीए तीनों प्रमुख व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में एसडी कालेज की न्यूनतम कटआफ शहर के अधिकांश कॉलेजों से अधिक रही, जिससे स्पष्ट है कि मेधावी विद्यार्थियों की पहली पसंद इस बार भी यही संस्थान बना हुआ है।

बीकाम में आउटसाइड यूटी श्रेणी के तहत एसडी कालेज की न्यूनतम कटआफ 105.60 प्रतिशत रही, जबकि डीएवी कालेज सेक्टर-10, जीसीसीबीए सेक्टर-50, पीजीजीसी सेक्टर-11, एमसीएम डीएवी कालेज सेक्टर-36 और पीजीजीसी गर्ल्स सेक्टर-11 की न्यूनतम कटआफ 104.20 से 104.40 प्रतिशत के बीच रही। वहीं पीजीजीसी-46, एसजीजीएस-26, पीजीजीसी गर्ल्स सेक्टर-42, देव समाज कालेज और जीजीएससीडब्ल्यू सेक्टर-26 की कटआफ इससे भी कम रही। यूटी पूल में भी एसडी कालेज की न्यूनतम कटआफ 100.60 प्रतिशत रही, जबकि डीएवी कालेज में यह 94.20, जीसीसीबीए में 94.88, पीजीजीसी-11 में 95.80 तथा अन्य कॉलेजों में इससे काफी नीचे दर्ज की गई।

बीबीए में भी एसडी कालेज ने बढ़त बनाए रखी। आउटसाइड यूटी श्रेणी में इसकी न्यूनतम कटआफ 97.15 प्रतिशत रही, जबकि डीएवी कालेज और जीसीसीबीए में 96 प्रतिशत, पीजीजीसी-11 में 96 प्रतिशत, पीजीजीसी-46 में 95.80 प्रतिशत, एसजीजीएस-26 में 95.40 प्रतिशत तथा देव समाज कालेज में 95.60 प्रतिशत रही। यूटी पूल में एसडी कालेज की न्यूनतम कटआफ 88.94 प्रतिशत रही, जो डीएवी, जीसीसीबीए, एमसीएम डीएवी, पीजीजीसी-46, एसजीजीएस-26 और देव समाज कालेज सहित अधिकांश संस्थानों से अधिक रही।

बीसीए में भी एसडी कालेज की स्थिति सबसे मजबूत रही। आउटसाइड यूटी श्रेणी में यहां न्यूनतम कटआफ 98.40 प्रतिशत रही, जबकि पीजीजीसी सेक्टर-11 में 98 प्रतिशत, डीएवी कालेज में 97 प्रतिशत, जीसीसीबीए में 96.20 प्रतिशत, पीजीजीसी-46 में 96.60 प्रतिशत, एसजीजीएस-26 में 95 प्रतिशत, एमसीएम डीएवी में 95.60 प्रतिशत, पीजीजीसी गर्ल्स सेक्टर-42 में 96 प्रतिशत, देव समाज कालेज में 94 प्रतिशत और जीजीएससीडब्ल्यू सेक्टर-26 में 94.40 प्रतिशत रही। प्रथम मेरिट सूची के आंकड़े बताते हैं कि तीनों प्रमुख पाठ्यक्रमों में एसडी कालेज ने कटआफ में बढ़त कायम रखते हुए अन्य कालेजों को पीछे छोड़ दिया है। स्पष्ट है कि उच्च अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की पहली पसंद एसडी कालेज ही बना हुआ है।

### प्रथम मेरिट कटआफ (केंद्रीकृत प्रवेश 2026-27)

| बीकाम श्रेणी अंक | यूटी से बाहर उच्चतम | न्यूनतम | यूटी पूल उच्चतम | न्यूनतम |
|---|---|---|---|---|
| जीजीडी एसडी कालेज, सेक्टर-32 | 107.55 | 105.60 | 107.96 | 100.60 |
| डीएवी कालेज, सेक्टर-10 | 105.60 | 104.40 | 105.00 | 94.20 |
| जीसीसीबीए, सेक्टर-50 | 107.38 | 104.20 | 105.00 | 94.88 |
| पीजीजीसी, सेक्टर-11 | 106.40 | 104.20 | 103.74 | 95.80 |
| एमसीएम डीएवी, सेक्टर-36 | 106.60 | 104.20 | 105.40 | 79.93 |
| पीजीजीसी (गर्ल्स), सेक्टर-11 | 105.40 | 104.20 | 102.60 | 85.20 |
| पीजीजीसी-46 | 104.20 | 103.60 | 99.51 | 90.00 |
| एसजीजीएस-26 | 105.00 | 103.60 | 102.20 | 85.80 |
| पीजीजीसी (गर्ल्स), सेक्टर-42 | 104.20 | 103.10 | 100.20 | 77.00 |
| देव समाज कालेज, सेक्टर-45 | 103.40 | 103.00 | 99.20 | 64.40 |
| जीजीएससीडब्ल्यू, सेक्टर-26 | 104.20 | 103.00 | 98.90 | 52.40 |
| आरआइसीएम, सेक्टर-32 | -- | -- | -- | -- |

| बीसीए श्रेणी अंक | यूटी से बाहर उच्चतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| जीजीडी एसडी कालेज, सेक्टर-32 | 104.00 | 98.40 |
| डीएवी कालेज, सेक्टर-10 | 99.00 | 97.00 |
| जीसीसीबीए, सेक्टर-50 | 96.91 | 96.20 |
| पीजीजीसी, सेक्टर-11 | 101.60 | 98.00 |
| एमसीएम डीएवी, सेक्टर-36 | 97.00 | 95.60 |
| पीजीजीसी (गर्ल्स), सेक्टर-11 | -- | -- |
| पीजीजीसी-46 | 98.53 | 96.60 |
| एसजीजीएस-26 | 96.80 | 95.00 |
| पीजीजीसी (गर्ल्स), सेक्टर-42 | 100.00 | 96.00 |
| देव समाज कालेज, सेक्टर-45 | 94.80 | 94.00 |
| जीजीएससीडब्ल्यू, सेक्टर-26 | 95.40 | 94.40 |
| आरआईसीएम, सेक्टर-32 | -- | -- |

| बीबीए श्रेणी अंक | यूटी से बाहर उच्चतम | न्यूनतम | न्यूनतम | यूटी पूल उच्चतम | न्यूनतम |
|---|---|---|---|---|---|
| जीजीडी एसडी कालेज, सेक्टर-32 | 100.00 | 97.15 | 97.15 | 100.00 | 88.94 |
| डीएवी कालेज, सेक्टर-10 | 96.80 | 96.00 | 96.00 | 94.54 | 81.81 |
| जीसीसीबीए, सेक्टर-50 | 96.60 | 96.00 | 96.00 | 97.97 | 81.40 |
| पीजीजीसी, सेक्टर-11 | 97.80 | 96.00 | 96.00 | 97.80 | 85.40 |
| एमसीएम डीएवी, सेक्टर-36 | 97.40 | 97.00 | 97.00 | 96.96 | 82.20 |
| पीजीजीसी (गर्ल्स), सेक्टर-11 | - | - | - | - | - |
| पीजीजीसी-46 | 97.00 | 95.80 | 95.80 | 84.84 | 80.80 |
| एसजीजीएस-26 | 95.80 | 95.40 | 95.40 | 95.20 | 78.60 |
| पीजीजीसी (गर्ल्स), सेक्टर-42 | - | - | - | - | - |
| देव समाज कालेज, सेक्टर-45 | 95.80 | 95.60 | 95.60 | 91.20 | 78.40 |
| जीजीएससीडब्ल्यू, सेक्टर-26 | - | - | - | - | - |
| आरआइसीएम, सेक्टर-32 | 95.40 | 95.40 | 95.40 | 83.20 | 78.80 |

**मिशन एडमिशन**

- आज शाम पांच बजे तक आनलाइन जमा करवाएं फीस
- पहले राउंड में मेरिट के आधार पर अन्य कालेजों को पीछे छोड़ा
- बीकाम में 105.60%, बीबीए में 97.15% और बीसीए में 98.40% रही न्यूनतम कटआफ



दैनिक सवेरा 14/7/2026

# बी.कॉम, बीबीए और बीसीए में जीजीडीएसडी कॉलेज का दबदबा, सबसे हाई कट-ऑफ ने फिर बनाया रिकार्ड

## सेंट्रलाइज्ड दाखिलों की पहली मेरिट सूची में कॉलेज फिर बना मेधावी विद्यार्थियों की पहली पसंद

सवेरा न्यूज/नीना

चंडीगढ़, 13 जुलाई : यूटी प्रशासन के डॉयरेक्टर हायर एजुकेशन की ओर से अंडर ग्रेजुएट कोसार्ें में सेंट्रलाइज्ड दाखिले की प्रक्रि या के तहत जारी सोमवार को जारी पहली मेरिट सूची में जीजीडीएसडी कॉलेज सैक्टर 32 ने एक बार फिर अपनी शैक्षणिक श्रेष्ठता साबित की है। कॉमर्स, मैनेजमेंट और कंप्यूटर एप्लीकेशन बीसीए कोसार्ें में कॉलेज मेधावी विद्यार्थियों की पहली पसंद बनकर उभरा है। इन कोसार्ें में कॉलेज की कट-ऑफ क्षेत्र के प्रमुख शिक्षण संस्थानों में सबसे ऊंची रही। जनरल



कैटेगरी में बी.कॉम की कट-ऑफ 105.60 परसेंटाइल, बीबीए की 97.15 परसेंटाइल और बीसीए की 98.40 परसेंटाइल दर्ज की गई। इन आंकड़ों के साथ जीजीडीएसडी कॉलेज एक बार फिर क्षेत्र के सबसे अधिक प्रतिस्पर्धी कॉलेजों में शामिल हो गया है। वहीं, यूटी पूल के तहत भी कॉलेज की कट-ऑफ बेहद प्रतिस्पर्धी रही। बी.कॉम के लिए 100.60 परसेंटाइल, बीबीए के लिए 88.94 परसेंटाइल और बीसीए के लिए 81.20 परसेंटाइल कट-ऑफ दर्ज की गई। यह दर्शाता है कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, उत्कृष्ट शैक्षणकि वातावरण और बेहतरीन प्लेसमेंट रिकॉर्ड के कारण जीजीडीएसडी कॉलेज विद्यार्थियों की पहली पसंद बना हुआ है। कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. अजय शर्मा ने कहा कि प्रवेश प्रक्रि या में मिला शानदार प्रतिसाद विद्यार्थियों और अभिभावकों के संस्थान पर अटूट विश्वास का प्रतीक है। उन्होंने दाखिला लेने वाले नए विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को बधाई देते हुए उनका संस्थान में स्वागत किया। उन्होंने कहा कि जीजीडीएसडी कॉलेज विद्यार्थियों को विश्वस्तरीय शैक्षणकि अवसर उपलब्ध कराने के साथ-साथ उनमें नेतृत्व क्षमता, नैतिक मूल्यों, नवाचार की सोच और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने विश्वास जताया कि कॉलेज का समग्र शैक्षणकि वातावरण विद्यार्थियों के व्यक्तित्व और करियर को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

दैनिक सवेरा 14/7/2026

# गवर्नमैंट और प्राइवेट 12 कॉलेजों में यूजी कोर्सेज में एडमिशन की पहली मैरिट लिस्ट जारी

सवेरा न्यूज/नीना

चंडीगढ़, 13 जुलाई : शहर के गवर्नमैंट और प्राइवेट कॉलेजों तें अंडर ग्रेजुएट कोर्सों में सेंट्रलाइज्ड एडमिशन के पहली मेरिट लिस्ट डायरेक्टर हायर एजुकेशन की ओर से जारी कर दी गई । मेरिट लिस्ट में जीजीडीएसडी कॉलेज सैक्टर 32 में नॉन यूटी कैटेगरी में बीकॉम और बीबीए और जबकि बीसीए यूटी पूल में सैक्टर 11 पीजीजीसी पहली पंसद बना। इस बार हाई प्रतिशत कालेजो में दाखिला मिला है। नान यूटी में बीकाम, बीबीए और बीसीए ने छात्रो की पहली पंसद सैक्टर 32 का जीजीडीएसडी कालेज रहा है।

शहर के गवर्नमैंट और प्राइवेट 12 कालेजों में बीकॉम में 5990 आवदेन, बीसीए में 3690 और बीबीए में 4367 आवदेन जमा थे। बीकॉम में 2240, बीसीए 1123 और बीबीए 894 छात्रो का मैरिट सूची में नाम आए है। उच्च शिक्षा विभाग की वेबसाइट पर 16 जुलाई को सांय पांच बजे द्वितीय काउिसलिंग के बारे में जानकारी प्रदान की जाएगी। जिसमें कालेज में खाली सीटो के बारे में जानकारी भी उपलब्ध होगी।

दैनिक ट्रिब्यून 14/7/2026

# यूजी दाखिलों की पहली मेरिट लिस्ट : बीकॉम में 5990 छात्रों ने किया आवेदन

मनीमाजरा (चंडीगढ़), 13 जुलाई (हप्र)

यूटी प्रशासन के डायरेक्टर हायर एजुकेशन की ओर से अंडर ग्रेजुएट (यूजी) कोर्सों में सेंट्रलाइज्ड दाखिले की पहली मेरिट लिस्ट सोमवार को जारी कर दी गई। इस बार शहर के कॉलेजों में दाखिले के लिए कटऑफ काफी ऊंची रही। सेक्टर-32 स्थित गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म कॉलेज (जीजीडीएसडी) नॉन-यूटी कैटेगरी में बीकॉम और बीबीए के लिए विद्यार्थियों की पहली पसंद रहा, जबकि यूटी पूल में बीसीए के लिए सेक्टर-11 स्थित पोस्ट ग्रेजुएट गवर्नमेंट कॉलेज पसंदीदा कॉलेज बना। शहर के 12 कॉलेजों में बीकॉम के लिए 5990, बीसीए के लिए 3690 और बीबीए के लिए 4367 आवेदन प्राप्त हुए थे। इनमें से बीकॉम में 2240, बीसीए में 1123 और बीबीए में 894 विद्यार्थियों के नाम पहली मेरिट सूची में शामिल किए गए हैं। उच्च शिक्षा विभाग की वेबसाइट पर 16 जुलाई शाम पांच बजे दूसरी काउंसलिंग से संबंधित जानकारी जारी की जाएगी। पहली मेरिट सूची में सेक्टर-32 स्थित जीजीडीएसडी कॉलेज कॉमर्स, मैनेजमेंट और कंप्यूटर एप्लीकेशन कोर्सों में कॉलेज मेधावी विद्यार्थियों की पहली पसंद बना रहा। जनरल कैटेगरी में कॉलेज की बीकॉम कटऑफ 105.60 परसेंटाइल, बीबीए 97.15 परसेंटाइल और बीसीए 98.40 परसेंटाइल रही।

दिव्य हिमाचल 14/07/2026

# एसडी कालेज की पहली मेरिट लिस्ट जारी

## कॉमर्स और बीसीए कोर्स के लिए विद्यार्थियों की पहली पसंद बना महाविद्यालय

**दिव्य हिमाचल ब्यूरो- चंडीगढ़**



यूटी प्रशासन के डायरेक्टर हायर एजुकेशन की ओर से अंडर ग्रेजुएट कोर्सों में सेंट्रलाइज्ड दाखिले की प्रक्रिया के तहत जारी सोमवार को जारी पहली मेरिट सूची में सेक्टर-32 स्थित गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म कॉलेज ने एक बार फिर अपनी शैक्षणिक श्रेष्ठता साबित की है। कॉमर्स, मैनेजमेंट और कम्प्यूटर एप्लीकेशन बीसीए कोर्सों में कॉलेज मेधावी विद्यार्थियों की पहली पसंद बनकर उभरा है। इन कोर्सों में कॉलेज की कट ऑफ क्षेत्र के प्रमुख शिक्षण संस्थानों में सबसे ऊंची रही। जनरल कैटेगरी में बीकॉम की कटऑफ 105.60 परसेंटाइल, बीबीए की 97.15 परसेंटाइल और बीसीए की 98.40 परसेंटाइल दर्ज की गई। इन आंकड़ों के साथ जीजीडीएसडी कॉलेज एक बार फिर क्षेत्र के सबसे अधिक प्रतिस्पर्धी कॉलेजों में शामिल हो गया है। वहींए यूटी पूल के तहत भी कॉलेज की कट ऑफ बेहद प्रतिस्पर्धी रही। बीण्कॉम के लिए 100.60 परसेंटाइलए बीबीए के लिए 88.94 परसेंटाइल और बीसीए के लिए 81ण20 परसेंटाइल कट ऑफ दर्ज की गई। यह दर्शाता है कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षाए उत्कृष्ट शैक्षणिक वातावरण और बेहतरीन प्लेसमेंट रिकॉर्ड के कारण जीजीडीएसडी कॉलेज विद्यार्थियों की पहली पसंद बना हुआ है। कॉलेज के प्रिंसीपल डॉण् अजय शर्मा ने कहा कि प्रवेश प्रक्रिया में मिला शानदार प्रतिसाद विद्यार्थियों और अभिभावकों के संस्थान पर अटूट विश्वास का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि एसडी कॉलेज वर्षों से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुभवी शिक्षकों अत्याधुनिक अधोसंरचना,



**चंडीगढ़। एसडी कालेज का फाइल चित्र**

शोध एवं नवाचार के अवसर, उद्योग जगत से मजबूत साझेदारी, अंतरराष्ट्रीय स्तर के शैक्षणिक अनुभव तथा विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए उत्कृष्ट वातावरण उपलब्ध कराता रहा है।

पंजाब केसरी 14/7/2026

# यू.जी. दाखिलों की पहली मैरिट लिस्ट जारी, बी.कॉम. व बी.बी.ए. में जी.जी.डी.एस.डी.-32 पहली पसंद

## यू.टी. पूल में बी.सी.ए. के लिए पी.जी.जी.सी.-11 सबसे आगे, 16 जुलाई को दूसरी काउंसलिंग की जानकारी होगी जारी

चंडीगढ़, 13 जुलाई (आशीष): यू.टी. प्रशासन के उच्च शिक्षा निदेशालय की ओर से सोमवार को स्नातक (यू.जी.) पाठ्यक्रमों की केंद्रीयकृत प्रवेश प्रक्रिया की पहली मेरिट सूची जारी कर दी गई। मैरिट सूची के अनुसार बी.कॉम. और बी.बी.ए. में जी.जी.डी.एस.डी. कॉलेज, सैक्टर-32 विद्यार्थियों की पहली पसंद बनकर उभरा, जबकि यू.टी. पूल में बी.सी.ए. के लिए पी.जी.जी.सी.-11 सबसे अधिक पसंद किया गया।

वहीं नॉन-यू.टी. पूल में बी.सी.ए. के लिए भी जी.जी.डी.एस.डी.-32 शीर्ष पसंद रहा। शहर के 12 कॉलेजों में बी.कॉम. के लिए 5,990, बी.सी.ए. के लिए 3,690 और बी.बी.ए. के लिए 4,367 आवेदन प्राप्त हुए। पहली मैरिट सूची में बी.कॉम. के 2,240, बी.सी.ए. के 1,123 तथा बी.बी.ए. के 894 अभ्यर्थियों को सीटें आवंटित की गईं।

### जी.जी.डी.एस.डी.-32 की प्रमुख कटऑफ

| कोर्स | नॉन-यू.टी. | यू.टी. पूल |
|---|---|---|
| बी.कॉम. | 107.55 | 107.96 |
| बी.बी.ए. | 104.00 | 102.60 |
| बी.सी.ए. | 100.00 | 100.00 |

### प्रमुख तथ्य

| | |
|---|---|
| बी.कॉम. आवेदन | 5,990 |
| बी.सी.ए. आवेदन | 3,690 |
| बी.बी.ए. आवेदन | 4,367 |
| बी.कॉम. सीट आबंटन | 2,240 |
| बी.सी.ए. सीट आबंटन | 1,123 |
| बी.बी.ए. सीट आबंटन | 894 |

दूसरी काउंसलिंग की सूचना: 16 जुलाई, शाम 5 बजे

### प्रमुख कॉलेजों की उच्च कटऑफ (यू.टी./नॉन-यू.टी.)

| | |
|---|---|
| जी.जी.डी.एस.डी.-32: बी.कॉम. | 107.96 / 107.55 |
| गवर्नमैंट कॉलेज ऑफ कॉमर्स एंड बिजनैस एडमिनिस्ट्रेशन-50: बी.कॉम. | 105.00 / 107.38 |
| पी.जी.जी.सी.-11: बी.कॉम. | 103.68 / 106.80 |
| डी.ए.वी. कॉलेज-10: बी.कॉम. | 105.00 / 105.57 |
| एम.सी.एम. डी.ए.वी.-36: बी.कॉम. | 105.40 / 106.60 |

उच्च शिक्षा विभाग ने बताया कि 16 जुलाई शाम 5 बजे दूसरी काउंसलिंग और रिक्त सीटों की जानकारी बैबसाइट पर जारी की जाएगी।